>

Title: Need to set up new sugar mills in Uttar Pradesh particularly in Sultanpur parliamentary constituency.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश में आवश्यकता के हिसाब से चीनी मिलों की संख्या कम है जिससे किसानों में गन्ने के उत्पादन को बढ़ाने का उत्साह नहीं मिल पा रहा है। अगर देश में चीनी की और मिलों की स्थापना की जाए तो इससे किसानों को उनके गन्ने का भाव अच्छा मिलेगा और गन्ने के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। दूसरी ओर रोजगार के के अवसर बढ़ेंगे। उत्तर प्रदेश में कई चीनी मिलें थी। धीरे-धीरे किन्हीं कारणों से वे बंद हो रही है। उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों की संख्या बढ़ाने से महाराष्ट्र एवं गुजरात के किसानों की तरह उत्तर प्रदेश का किसान भी विकास के रास्ते पर बढ़ सकता है।

सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र में चीनी मिलों की संख्या बढ़ाई जाए जिससे लोगों को रोजगार मिल सके और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सके।